52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.5 °c
अधिकतम 20.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:11 सूर्यास्त-5:27 | वर्ष : 52/ अंक : 356 | बुधवार, 25 दिसम्बर 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

बात हो किसी और की.... चिन्ता रहे किसी और की......

**अमृतवाणी**

नेक लोगों की संगत से हमेशा,
भलाई ही मिलती हैं क्योंकि,
हवा जब फूलो से गुजरती है,
तो वो भी खुश्बुदार हो जाती हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

नेहरू को वंचितों-दलितों की नहीं, मुसलमानों की चिंता थी, वही अब तक है : योगी



# धर्मेन्द्र प्रधान की गौशाला में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़ी गाय कटते हुए

## धर्मेन्द्र प्रधान समर्थकों ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं के सिर फोड़े

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)।** चरथावल से सटे व पुरकाजी विधानसभा के गांव बधाईकलां में गौकशी का बड़ा मामला सामने आया। स्वयं गौशाला चलवाने वाले धर्मेन्द्र प्रधान की गौशाला में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने गाय कटने का लाइव प्रसारण अपनी आंखों से देखा। जब बजरंग दल कार्यकर्ता पांच सात लोगों को लेकर मौके पर पहुंचे तो धर्मेन्द्र प्रधान समर्थकों ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को पीटने का ऐसा तांड़व किया कि कार्यकर्ताओं को जान बचाकर भागना पड़ा। कार्यकर्ताओं के अनुसार सैंकड़ों धर्मेन्द्र प्रधान समर्थकों ने हाथ में बलकटी, डंडे व अन्य धारदार हथियार लिये हुए थे, जिनसे उन पर वार करते हुए उनका सिर तक फाड़ दिया गया। इस दौरान पंकज दीप, अभिषेक पाल, रिशपाल, आदित्यपाल, शुभमपाल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा इसकी सूचना एसपी सिटी व अन्य आला अधिकारियों को दी तो पुलिस ने तुरन्त उक्त मामले में कार्यवाही शुरू कर दी। बौखलाए हुए बजरंग दल कार्यकर्ता जिला



चिकित्सालय पहुंचे और अपने ऊपर हुए हमले में फटे सिरों का उपचार कराया। सनसनीखेज घटना से बजरंग दल कार्यकर्ताओं में अफरा- तफरी का माहौल दिखा और दर्जनों की संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ता जिला चिकित्सालय पर इकट्ठा हुए और धर्मेन्द्र प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि जब उनकी पिटाई की जा रही थी, तो धर्मेन्द्र प्रधान के समर्थकों ने खुलकर यह बताया कि उक्त गौकशी कराने में सरकार के ही मंत्री का बड़ा हाथ है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं को इस बात की धमकी देते हुए उन्हें वहां से भगा दिया गया। बजरंग दल के पंकज दीप व अभिषेक पाल की ओर से धर्मेन्द्र पुत्र मेनपाल, नरेश पुत्र रणवीर सिंह, आकाश पुत्र रोहताश, सचिन मलिक पुत्र नैन सिंह सहित लगभग एक दर्जन लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गयी है।

# पूर्व मंत्री संजीव बालियान बोले-भ्रष्ट हो चुके अधिकारी, इनके विरुद्ध अपनी ही सरकार में धरना देना पड़ा तो दूंगा

**मुजफ्फरनगर, 24 दिसम्बर (बु.)।** सामाजिक न्याय क्रान्ति मोर्चा सम्मेलन एवं विशाल पैदल मार्च नगर में जोरदार तरीके से निकाला गया। हजारों लोगों की भीड़ से कार्यक्रम के आयोजक गदगद दिखाई दिये। टाउन हॉल में हुए इस कार्यक्रम में हजारों लोगों की भीड़ तो मौजूद थी ही साथ ही साथ कार्यक्रम के अतिरिक्त सड़कों पर बड़े प्रदर्शन के साथ-साथ पैदल मार्च भी होता दिखा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान का जोश देखते ही बनता था। उनका कहना था कि देश में नरेन्द्र मोदी की ईमानदार सरकार है। राजनीति का भ्रष्टाचार तो समाप्त हो चुका है, मगर हमारी ही सरकार में अधिकारियों का भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ। तहसील हो या थाने, सबमें भ्रष्टाचार चरम पर है, ऐसे में अगर मुझे खुद अपनी ही सरकार में सड़कों पर बैठकर धरना प्रदर्शन करना पड़ा तो




मैं तैयार हूँ। कोई अधिकारी किसी नेता की बात सुनने को तैयार ही नहीं होता। आए दिन लोग मेरे पास चलकर आते हैं और कहते हैं कि आप तहसील और थानों की समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं एमपी था तो शनिवार और रविवार को मेरे घर पर समस्याओं के निराकरण कराने वालों का तांता लगा रहता था। मगर फिलहाल कोई सुनने वाला है ही नहीं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री के अपनी ही सरकार में अधिकारियों के खिलाफ धरने प्रदर्शन की बात की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर चलती दिखाई दी। सभी ने एक स्वर में यही बात कही कि देर से ही सही कम से कम सरकार के किसी मंत्री ने यह स्वीकार तो कर लिया कि अधिकारी इस सरकार में पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुके हैं। सम्भवतः राजनीतिक गलियारों में अब इस बात को जरूर मुद्दा बनाया जायेगा कि जब सरकार में इतने बड़े पद पर मंत्री रह चुके संजीव बालियान खुद स्वीकार कर रहे हैं कि

शेष - पृष्ठ-4 पर










